Regarding problem of water-logging in underpasses on N.H. 44 in Shahabad in Kurukshetra Parliamentary Constituency

श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र): सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान मेरी कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के एक महत्पूर्ण विषय की और आकर्षित करना चाहूँगा । मैं उपरोक्त मामले के बारे में सरकार के संज्ञान में मेरी लोकसभा कुरुक्षेत्र में NH- 44 पर शाहाबाद में बने भूमिगत रास्तों की वर्तमान स्थिति को लाना चाहता हूँ। शाहाबाद में बनाये गये इस फ्लाईओवर की ऊँचाई ग्राउंड से काफी कम है इसके नीचे से दो भूमिगत रास्ते जो बराडा और लाडवा रोड है। इनकी ऊँचाई 2 से 3 फुट अधिक है। जिससे बरसात होने पर सारा पानी फ्लाई ओवर के नीचे इन भूमिगत रास्तों में जमा हो जाता है। जिस कारण कई दिनों तक इस जगह पर यातायात अवरुद्ध रहता है जो हादसों का कारण भी बनता है। इन स्थानों पर राजमार्ग का स्तर अगर उचित उंचाई पर रखा जाता तो ये समस्या नहीं होती। ऐसा क्यों नहीं किया गया, इसके पीछे अधिकारियों व निर्माण में लगी एजेंसी से हुई चूक को लेकर NHAI की टेक्निकल टीम व् जिला स्तर के प्रसाशनिक अधिकारियो द्वारा सयुंक्त निरिक्षण होना जरूरी है। इसलिए माननीय मंत्री जी से मेरा निवेदन मेरी इस समस्या का कोई स्थायी समाधान निकाला जाए ताकि मेरे क्षेत्र, खासकर शाहाबाद की जनता को इस समस्या से निजात मिल सके।